प्रादेशिक समाचार
06.01.2025 (दोपहर—1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक बदलाव आया है। श्री मोदी आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेल परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जो बदलाव लाए गए हैं – उन्होंने देश की छवि बदल दी है और देशवासियों को आत्मविश्वास दिया है।

********************

राजधानी रांची में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर आज राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हो रही हैं। थोड़ी ही देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से योजना की बढ़ी हुई सम्मान राशि दो हजार पांच सौ रुपये ट्रांसफर करेंगे। मौके पर हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के सभी मंत्री मौजूद हैं।

********************

चीन में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस—एचएमपीवी के फैलने की चिंताओं के बीच, कर्नाटक में भी एचएमपीवी के दो मामले सामने आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की एक बच्ची और आठ महीने का एक लड़का वायरस से संक्रमित हुआ है। दोनों का इलाज चल रहा है। दोनों मरीजों में से किसी ने अंतर्राष्ट्रीय यात्रा नहीं की थी।

********************

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने आज देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा—अर्चना की। इससे पहले देवघर एयरपोर्ट पर जिले के उपायुक्त विशाल सागर और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडूग ने उनका स्वागत किया। बाबा मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद श्री देवगौड़ा ने बाबा बासुकीनाथ की भी पूजा की।

********************

गिरिडीह जिले में पोषण भी— पढ़ाई भी कार्यक्रम की सफलता के लिए सेविकाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

********************

जामताड़ा जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत कई जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस दौरान वाहन चालन से जुड़े कर्मियों और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से बाइक सवारों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

********************

कोडरमा जिले में शीतलहर और कड़ाके की ठंड का असर सब्जी उत्पादन पर भी पड़ा है। खासकर आलू, टमाटर और मटर जैसी सब्जियों को नुकसान पहुंचा है। हालांकि किसानों को नुकसान से बचाने के लिए कृषि विभाग द्वारा जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कृषि वैज्ञानिक एके राय ने बताया कि किसानों को एहतियाती कदम उठाने की सलाह दी जा रही है।

********************

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरू गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। झारखंड में भी गुरु पर्व के मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राजधानी रांची के गुरुनानक स्कूल सभागार में विशेष दीवान सजाया गया है। राज्य के अन्य गुरुद्वारों में भी विशेष दीवान सजाये गये हैं और अखंड पाठ किया जा रहा है। गुरूजी का अटूट लंगर का भी आयोजन किया गया है।

********************

हॉकी इंडिया महिला लीग 12 जनवरी से राजधानी रांची में शुरू हो रहा है। इसके तहत देश भर से टीम रांची पहुंचने लगी हैं। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए खिलाड़ी अभ्यास सत्र के दौरान खूब पसीना बहा रहे हैं।

*******समाप्त*************